>

Title: Need to four-lane N.H. – 9 and N.H. – 13 in Solapur Parliamentary Constituency, Maharashtra and setting up of Accident Trauma Centres along the highways.

श्री सुभाÂष सुरेशचंद्र देशमुख (शोलापुर) : मेरे संसदीय क्षेत्र सोलापुर के अंतर्गत नेशनल हाईवे - 9 (पूना-सोलापुर-हैदराबाद) एवं नेशनल हाईवे 13 (पूना-सोलापूर-बिजानपुर) पर भारी यातायात दबाव के परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में आये दिन गंभीर सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिसमें काफी लोगों की मृत्यु हो जाती है और बड़ी संख्या में लोग गंभीर रूप से घायल भी हो जाते हैं।

इन दोनों राष्ट्रीय महामार्गों पर बढ़ते हुए भारी यातायात को देखते हुए चार लेन का किए जाने की आवश्यकता है और साथ ही दोनों महामार्गों पर होने वाली गंभीर सड़क दुर्घटनाओं को दÂिष्टगत रखते हुए एक प्रत्येक निश्चित दूरी के पश्चात समुचित चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराये जाने की भी आवश्यकता है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि नेशनल हाईवे 9 (पूना-सोलापुर-हैदराबाद) एवं नेशनल हाईवे 13 (पूना-सोलापुर-बिजापुर) को चार लेन का बनाते हुए महामार्गों पर एक निश्चित दूरी के पश्चात चिकित्सा की समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने का कÂष्ट करें।